बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.

303, मौर्या टावर / Maurya Tower, बुद्ध मार्ग / Buddh Marg, पटना / Patna- 800 001
दूरभाष / Phone : +91-612-2210101, फैक्स नं० / Fax No. : +91-612-2210103
E-mail : contact@buidco.in, web : http://buidco.in

BUIDCo
Building Better Tomorrow
ISO 9001:2008, 14001:2004

सं/No.: दिनांक/Date :

!! कार्यालय आदेश !!

संख्या– BUIDCo/SIU-1/Yo-11/12/(Part-VII)- 75 दिनांक– 27.5.15

जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन (नुरूम) के अंतर्गत पटना जलापूर्ति योजना का का निर्माण कार्य बुडको के कार्यादेश संख्या– BUIDCO/Yo-30/10(Part-VI)-15, दिनांक 27.02.2012 द्वारा संवेदक **M/s. Gammon Geo Miller Consortium,** को आवंटित किया गया था। एकरारनामा के अनुसार पटना जलापूर्ति परियोजना का कार्यान्वयन Patna Water Supply Distribution Network Pvt. Ltd. (SPV) का गठन कर किया जा रहा था। इस योजना के तहत पटना में 24 X 7 पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित था।

2. संवेदक को योजना पूर्ण करने की अवधि समाप्त होने के पश्चात बार–बार स्मरणपत्र देने के बाद भी कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं लाया गया। कार्य की धीमी प्रगति एवं एवं समय पर पूरा न किये जाने के कारण संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई के क्रम में संवेदक को बुडको के पत्रांक–BUIDCo/SIU-1/Yo-11/12(part-5)-573 एवं पत्रांक–BUIDCo/SIU-1/Yo-11/12(part-5)-578, दिनांक–18.10.2013 के माध्यम से Debar भी किया जा किया गया।

3. कार्यारम्भ की तिथि 28.03.2012 एवं समाप्ति की तिथि 27.03.2014 निर्धारित थी। संवेदक द्वारा परियोजना में शुरू से ही कार्य में रूचि नहीं ली जा रही थी। उनके द्वारा कार्य को पूरा करने हेतु किसी प्रकार की कार्य योजना नहीं होने के कारण कई बार कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु दिये गये निदेश के बावजूद कोई सुधार नहीं लाया गया।

4. एकरारनामा की कंडिका 15.1 के आलोक में बुडको का पत्रांक–231, दिनांक–08.07.2014 द्वारा अन्तिम नोटिस दिया गया, परन्तु संवेदक द्वारा कोई भी Corrective Measures नहीं लिया गया। तदोपरान्त बुडको का पत्रांक–255, दिनांक–24.07.2014 द्वारा पटना जलापूर्ति योजना का एकरारनामा को विखंडित किया गया। साथ ही Black-List किये जाने हेतु बुडको का पत्रांक–BUIDCo/SIU-1/Yo-11/12(part-7)-880 एवं पत्रांक–BUIDCo/SIU-1/Yo-11/12(part-7)-879, दिनांक–25.03.2015 के माध्यम से स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

5. M/s. Gammon India Pvt. Ltd. द्वारा उक्त स्पष्टीकरण का जवाब अबतक अप्राप्त है। M/s. Geo Miller & Co. Pvt. Ltd. जो एक Consortium Partner है, का जवाब बुडको को प्राप्त हुआ है। सम्यक समीक्षोपरान्त पाया गया कि प्राप्त जवाब संतोषप्रद एवं एकरारनामा में निहित शर्त्तों के अनुरुप नहीं है।

6. अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 की कंडिका 8 में उल्लिखित नियमन के तहत M/s. Gammon India Pvt. Ltd. एवं M/s. Geo Miller & Co. Pvt. Ltd. के निबंधन को 5 (पांच) वर्षों के लिए काली सूची में डालने का निर्णय लिया जाता है।

प्रबंधक निदेशक,
बुडको, पटना।

ज्ञापांक– 1612 दिनांक– 27.5.15

प्रतिलिपिः–

1. M/s. Gammon India Pvt. Ltd., Gammon House, Veer Saverkar Marg, Prebhadevi, Mumbai-400025 को सूचनार्थ प्रेषित।
2. M/s. Geo Miller & Co. Pvt. Ltd., GM House, Phase-1, New Delhi-110020, India को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना।

ज्ञापांक– 1612 दिनांक– 27.5.15

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।
2. प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/सचिव, भवन निर्माण विभाग/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग/सचिव, पथ निर्माण विभाग/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/सभी मुख्य अभियंता, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना।

ज्ञापांक– 1612 दिनांक– 27.5.15

प्रतिलिपि–

1. मुख्य महाप्रबंधक, बुडको/महाप्रबंधक (तक0)/महाप्रबंधक (कार्य) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।
2. सभी परियोजना निदेशक/परियोजना निदेशक (मुख्यालय), बुडको/प्रबंधक (वित्त) मुख्यालय/प्रबंधक (SIU) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।
3. प्रभारी प्रबंधक (आई०टी०), बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इसे BUIDCo के Website पर नचसवंक किया जाय।

प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना।